संख्या-46/2026/आई/1233410/2026/004-23-9002-002-44-2024

प्रेषक,

सोमनाथ,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-9 लखनऊ : दिनांक 10 फरवरी, 2026

विषय - वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत मुरादाबाद मण्डल में जनपद अमरोहा के 05 मार्गो के चालू कार्य पर धनराशि आवंटित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता(मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्रों(निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत मुरादाबाद मण्डल में जनपद अमरोहा के 05 मार्गो के चालू कार्य हेतु निम्न तालिका के स्तम्भ-5 में उल्लिखित शासनादेशों द्वारा निर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के क्रम में उक्त चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में तालिका के स्तम्भ-11 के अनुसार रू0 12,69,000/- (रूपये बारह लाख उनहत्तर हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:- (धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	निर्माण लागत/ अनुरक्षण लागत/ स्वीकृत लागत/ प्रावैधिक स्वीकृति	बचत	बचत की उपरांत कार्य की लागत	अब तक आवंटन	प्रावैधिक स्वीकृति के सापेक्ष अवशेष	वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	18038/CE-HQ1/RIDF29VR /MBD/2025-26 Dt- 28-11-2025	प्रा0ख0 अमरोहा	पपसरी बांगर से पहाड़पुर इनायत तक मार्ग का निर्माण कार्य।	03/2023/1278/001-23-9-2023-23-9002-002-44-2023-दिनांक-02-01-2024	231.04 23.04 254.08 254.08	0.12	253.96	224.58	29.38	6.07
2	18038/CE-HQ1/RIDF29VR /MBD/2025-26 Dt- 28-11-2025	प्रा0ख0 अमरोहा	हयातपुर से लम्बिया तक मार्ग का निर्माण कार्य।	03/2023/1278/001-23-9-2023-23-9002-002-44-2023-दिनांक-02-01-2024	73.04 7.21 80.25 80.25	0.21	80.04	70.96	9.08	1.75
3	18038/CE-HQ1/RIDF29VR /MBD/2025-26 Dt- 28-11-2025	प्रा0ख0 अमरोहा	हैबतपुर गौसाई से अफजलपुर लूट तक मार्ग का निर्माण कार्य।	03/2023/1278/001-23-9-2023-23-9002-002-44-2023-दिनांक-02-01-2024	72.74 7.18 79.92 79.92	0.58	79.34	70.43	8.91	1.60

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4	18038/CE-HQ1/RIDF29VR/MBD/2025-26 Dt- 28-11-2025	प्रा0ख0 अमरोहा	हाशमपुर भूड़ से अफजलपुर लूट मार्ग।	03/2023/1278/001-23-9-2023-23-9002-002-44-2023-दिनांक-02-01-2024	79.21 7.82 87.03 87.03	0.92	86.11	76.43	9.68	1.73
5	18038/CE-HQ1/RIDF29VR/MBD/2025-26 Dt- 28-11-2025	प्रा0ख0 अमरोहा	ग्राम रहमापुर तिराहे से सदरपुर मिलक तक मार्ग	03/2023/1278/001-23-9-2023-23-9002-002-44-2023-दिनांक-02-01-2024	49.09 4.85 53.94 53.94	0.13	53.81	42.44	11.37	1.54
			योग							12.69

नियम व शर्तें / प्रतिबन्धों

(1) उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इस उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

(2) उक्त मार्गों को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापरक पूर्ण कराकर उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(3) स्तम्भ-5 में अंकित शासनादेशों की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं.-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अतः अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(6) चालू कार्य की अवशेष धनराशि इस शर्त के अधीन है कि यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि अवमुक्त की जा रही धनराशि पूर्व में अवमुक्त नहीं हुई है। यदि कोई विसंगति/द्विरावृत्ति पायी जाती है तो शासन को तत्काल सूचित किया जायेगा।

(7) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति इस शर्त के अधीन है कि विश्वकर्मा पोर्टल पर अपलोड आवश्यक सूचनाओं का परीक्षण पुनः कर लिया जायेगा। यदि सूचनाओं में कोई विसंगति होती है तो शासन को तत्काल सूचित किया जायेगा तथा इस विसंगति के लिए मुख्यालय/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 12,69,000/- (रूपये बारह लाख उनहत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 058 लेखा शीर्षक 5054043376400 नाबार्ड वित्त पोषित आरआईडीएफ योजना अन्तर्गत कृषि विपणन सुविधाओं हेतु सम्पर्क मार्गों/लघु सेतुओं के चालू कार्यों हेतु व्यवस्था (जिला योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
सोमनाथ
संयुक्त सचिव।

संख्या-46/2026/आई/1233410/2026(1)/004-23-9002-002-44-2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, प्रथम (निर्माण), उ0प्र0 प्रयागराज ।

2- जिलाधिकारी, संबंधित जनपद।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।

4- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।

5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।

6- महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, उ0प्र0 क्षेत्रीय कार्यालय, 11 विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

7- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0, लखनऊ।

8- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

9- संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।

10- संबंधित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता , लो0नि0वि0।

11- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8 /वित्त (आय-व्ययक), अनुभाग-2, उ0प्र0शासन ।

12- लोक निर्माण अनुभाग-10/श्रम अनुभाग-2

13- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,
सोमनाथ
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।